**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2096**
**दिनांक 29जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कैंसर संस्थान/अस्पताल**

**2096. कुंवर दानिश अली:**
**डॉ. राजश्री मल्लिक:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपाकरेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में बढ़ते कैंसररोगियों के उपचार केलिए विशेषरूप से नए कैंसर अस्पताल/संस्थान स्थापित करने काकोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में वर्तमान में कार्यरत सरकारी कैंसरसंस्थानों/अस्पतालों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या का ब्यौराक्या है;

(ग) क्या सरकार का कैंसर रोगियों के इलाज में आने वालीकठिनाइयों को कम-से-कम करने के लिए देशभर में प्रत्येकराज्यजिले में कैंसर चिकित्सा संस्थान/अस्पताल स्थापित करनेका कोई विचार है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वाराआवंटित की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को ओडिशा में कैंसर संस्थान/अस्पतालस्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तोतत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;और

(ङ) क्या सरकार का राज्य में कैंसर रोगियों के लिए नि:शुल्कऔर अत्याधुनिक उपचार प्रदान करने के लिए ओडिशा में ऐसेअस्पताल शुरू करने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधीब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याणविभाग भारत सरकारराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के भाग के रूप में राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और आघातरोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर संसाधनों की सीमा के अध्यधीन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। कैंसरएन पी सी डी सी एस का अंतरंग भाग है। इस कार्यक्रम में अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और कैंसर के निवारण, शीघ्र निदान, प्रबंधन और कैंसर सहित गैर संचारी रोगों के इलाजके लिए स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा के उपयुक्त स्तर तक रेफरलके लिए जागरूकता सृजन पर जोर दिया जाता है। एन पी सी डी सी एसके अंतर्गत 685 जिला

एनसीडी क्लीनिक, 266 जिला डे केयर सेंटर और 5451 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एनसीडी क्लीनिक बनाए गए हैं।

कैंसर की विशिष्ट परिचर्या के लिए सुविधा संवर्धन हेतु केंद्रीय सरकार ने विशिष्ट कैंसर परिचर्या सुविधा स्कीम अनुमोदित की है। इस स्कीम के अंतर्गत 19 राज्य कैंसर संस्थान (एस सीआई) और 20 विशिष्ट कैंसर परिचर्या केंद्र (टी सी सी सी) अनुमोदित किए गए हैं। उनका ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में है। कुल निधियों अर्थात राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार विशिष्ट कैंसर परिचर्या सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण योजना (एनपीसीडीसीएस) के अंतर्गत केंद्रीय हिस्सेदारी का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वाराराष्ट्रीयकैंसर संस्थान झज्जर (हरियाणा) और चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, कोलकाता (पहला और दूसरा कैंपस)स्थापित किया गया है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग,भारत सरकार ने आचार्य हरिहर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र,कटक कोराज्य कैंसर संस्थान के रूप मेंस्थापित करने के लिए उड़ीसा राज्य सरकार को 47.772 करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता अनुमोदित की है।

**राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एस सी आई ) और विशिष्ट कैंसर परिचर्या केंद्र सुविधाओं (टी सी सी सी)की तालिका**

| क्र. सं. | राज्य | संस्थानो के नाम | एस सी आई / टी सी सी सी |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल | एस सी आई |
| 2 | असम | गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, गुवाहाटी | एस सी आई |
| 3 | बिहार | इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना | एस सी आई |
| 4 | छत्तीसगढ़ | छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर | एस सी आई |
| 5 | दिल्ली | लोक नायक अस्पताल | टी सी सी सी |
| 6 | गुजरात | गुजरात कैंसर अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद | एस सी आई |
| 7 | गोवा | गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी | टी सी सी सी |
| 8 | हरियाणा | सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट | टी सी सी सी |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला | टी सी सी सी |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, मंडी | टी सी सी सी |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान, श्रीनगर | एस सी आई |
| 12 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, जम्मू | एस सी आई |
| 13 | झारखंड | राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रांची | एस सी आई |
| 14 | कर्नाटक | किदवई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (आरसीसी), बेंगलुरु | एस सी आई |
| 15 | | मांड्या आयुर्विज्ञान संस्थान, मांड्या | टी सी सी सी |
| 16 | केरल | क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, तिरुवनंतपुरम | एस सी आई |
| 17 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोझिकोड | टी सी सी सी |
| 18 | मध्य प्रदेश | जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर | टी सी सी सी |
| 19 | | नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर | एस सी आई |
| 20 | महाराष्ट्र | राष्ट्रसंत टुकडोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, नागपुर | टी सी सी सी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | | सरकारी मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद | एस सी आई |
| 22 | | विवेकानंद फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर, लातूर | टी सी सी सी |
| 23 | मिजोरम | मिजोरम राज्य कैंसर संस्थान, आइजोल | टी सी सी सी |
| 24 | नागालैंड | जिला अस्पताल, कोहिमा | टी सी सी सी |
| 25 | ओडिशा | आचार्य हरिहर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, कटक | एस सी आई |
| 26 | पंजाब | सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर | एस सी आई |
| 27 | | सिविल अस्पताल, फाजिल्का | टी सी सी सी |
| 28 | राजस्थान | एस पी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर | टी सी सी सी |
| 29 | | एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर | एस सी आई |
| 30 | | झालावाड़ मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, झालावाड़ | टी सी सी सी |
| 31 | सिक्किम | गंगटोक, सिक्किम के पास सोचीगांग (सिचे) में मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल | टी सी सी सी |
| 32 | तमिलनाडु | कैंसर संस्थान (आरसीसी), अडयार, चेन्नई | एस सी आई |
| 33 | तेलंगाना | एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी एंड आरसीसी, हैदराबाद | एस सी आई |
| 34 | त्रिपुरा | कैंसर अस्पताल (आरसीसी), अगरतला | एस सी आई |
| 35 | उत्तर प्रदेश | संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ | टी सी सी सी |
| 36 | उत्तराखंड | राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी | एस सी आई |
| 37 | पश्चिम बंगाल | सरकारी मेडिकल कॉलेज, बर्दवान | टी सी सी सी |
| 38 | | मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बरहमपुर, मुर्शिदाबाद | टी सी सी सी |
| 39 | | सगोर दत्ता मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता | टी सी सी सी |

**अनुलग्नक 2**

**विशिष्ट कैंसर परिचर्या सुविधाओं (एन पी सी डी सी एस) को सुदृढ़ बनाने के लिए कुल केंद्रीय हिस्सेदारी**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **कुल केंद्रीय हिस्सा (करोड़ रूपए में)** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 72.00 |
| 2 | असम | 107.91 |
| 3 | बिहार | 72.00 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 69.12 |
| 5 | दिल्ली | 39.82 |
| 6 | गुजरात | 72.00 |
| 7 | गोवा | 27.00 |
| 8 | हरियाणा | 27.00 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 81.00 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 201.60 |
| 11 | झारखंड | 30.60 |
| 12 | कर्नाटक | 99.00 |
| 13 | केरल | 88.11 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 97.20 |
| 15 | महाराष्ट्र | 112.01 |
| 16 | मिजोरम | 39.84 |
| 17 | नागालैंड | 39.15 |
| 18 | ओडिशा | 47.77 |
| 19 | पंजाब | 95.59 |
| 20 | राजस्थान | 120.72 |
| 21 | सिक्किम | 38.69 |
| 22 | तमिलनाडु | 72.00 |
| 23 | तेलंगाना | 67.62 |
| 24 | त्रिपुरा | 73.35 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 24.90 |
| 26 | उत्तराखंड | 93.29 |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 70.01 |

*******